PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Fri, 26 May 2017, Page 20
Width: 12.58 cms, Height: 8.69 cms, a4, Ref: 35.2017-05-26.133

योगाभ्यास के लिए देश भर में सौ पार्क होंगे रिजर्व

नई दिल्ली, प्रेट्र : योग सभी के जीवन का हिस्सा बन सके, इसके लिए सरकार ने देश भर में सौ पार्कों को रिजर्व रखने की योजना बनाई है। इनमें योगाभ्यास कराया जाएगा।

इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उप्र की राजधानी लखनऊ में मुख्य समारोह होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ 51 हजार लोग शिरकत करेंगे। माना जा रहा है कि 21 जून को 150 देश अपने यहां योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजन करने जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अविस्मरणीय बन सके इसके लिए इस बार पेरिस के एफिल टावर, लंदन के ट्राफलगर स्कवायर व न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क में आयोजन करने की योजना है। दिल्ली में 21 जून को सात मुख्य आयोजन किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र संघ की आमसभा ने फैसला लिया था कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाए।

आयुष विभाग के राज्य मंत्री श्रीपद यसो नायक का कहना है कि सारे विश्व ने योग के मामले में भारत का अनुसरण किया है। पिछले दो सालों में 21 जून को 190 देशों ने भारत के कदम से कदम मिलाए हैं। उन्होंने बताया कि योग में अनुकरणीय योगदान करने पर इस बार पीएम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार देंगे।

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Focus News, delhi
Fri, 26 May 2017, Page 1
Width: 23.57 cms, Height: 22.56 cms, a3r, Ref: 12.2017-05-26.8

देश भर में 100 योग पार्क घोषित करने की योजना : श्रीपद नाइक

। कृष्णा अग्रवाल ।

नयी दिल्ली, फोकस न्यूज, विशाल योग दिवस समारोहों के लिए तैयारी शुरू करते हुए सरकार की देश भर में एक सौ पार्कों को खासतौर पर योग गतिविधियों के लिए समर्पित करने की योजना है । उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनउ इस साल 21 जून को अंत. रराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम की मेजबानी करेगा जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिस्सा लेंगे । विशाल समारोह में भारतीय मिशनों के अपने देशों में गतिविधि समन्वित करने के साथ करीब 150 देशों के साथ भागीदारी की उम्मीद है । पेरिस में एफिल टावर, लंदन में ट्राफल्गार स्कवायर और न्यूयार्क में सेंट्रल पार्क जैसे अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर योग दिवस मनाया जाएगा ।

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Fri, 26 May 2017, Page 22
Width: 8.20 cms, Height: 18.80 cms, a4, Ref: 32.2017-05-26.184

देश के 100 पार्क बनेंगे योग पार्क

नई दिल्ली। आयुष मंत्रालय देश के 100 पार्कों को खासतौर पर योग के लिए समर्पित करने की योजना बना रहा है। 21 जून को विशाल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारी करते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है।

आयुष राज्य मंत्री श्रीपद यसो नाइक ने कहा कि योग के प्रचार और विकास के लिए निरंतर काम करने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यक्तियों या संगठनों को प्रधानमंत्री पुरस्कार दिया जाएगा। नामों की सिफारिश के लिए आयुष सचिव की अध्यक्षता वाली एक स्क्रीनिंग कमेटी बनाई गई है। कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में जूरी को हरेक श्रेणी में दो-दो के साथ चार विजेताओं के नामों पर फैसला करना है। नाइक ने कहा कि दुनिया ने योग के क्षेत्र में भारत की श्रेष्ठता मानी है। **(एजेंसी)**

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Fri, 26 May 2017, Page 17
Width: 14.97 cms, Height: 20.64 cms, a4, Ref: 29.2017-05-26.80

100 पार्कों को योग के लिए समर्पित करने की योजना

प्रस, नई दिल्ली : तीसरे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के साथ ही सरकार देश के 100 पार्कों को योग के लिए समर्पित करने की योजना बना रही है। इन पार्कों को योग और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। इनका रखरखाव योग से जुड़ी संस्थाएं करेंगी। आयुष मंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने गुरुवार को योग दिवस की तैयारियों का ब्योरा देते हुए यह भी बताया कि लखनऊ में होने वाले आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्याथ, कई केंद्रीय मंत्रियों और प्रमुख लोगों समेत करीब 51,000 लोग शिरकत करेंगे। इसके साथ ही देश और दुनिया के दूसरे इलाकों में भी योग दिवस पूरी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। नाइक ने कहा कि योग के मामले में भारत के ज्ञान का अब पूरी दुनिया लोहा मान रही है।

150 देशों में आयोजन

गौरतलब है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को योग दिवस के रूप में घोषित किया है। योग दिवस पर पहला मुख्य आयोजन वर्ष 2015 में दिल्ली में और पिछले साल चंडीगढ़ में हुआ था। नाइक का कहना है कि इस बार के योग दिवस के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार दुनिया के करीब 150 देशों में योग दिवस पर आयोजन होंगे। पैरिस में आइफेल टावर, लंदन के ट्रैफलगर स्कवॉयर और न्यू यॉर्क के सेंट्रल गार्डेंस समेत कई अन्य मशहूर जगहों पर योग दिवस के आयोजन होंगे।